# 4 स्वास्थ्य बीमा के बारे में जानने योग्य बातें

**1** विभिन्न स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियाँ भिन्न प्रकार के लाभ प्रदान कर सकती हैं और कुछ पॉलिसियाँ इसे सीमित कर सकती हैं कि आप किन डॉक्टरों, अस्पतालों या अन्य प्रदाताओं का उपयोग कर सकते हैं।

**2** आपकी देखरेख के लिए आपकी बीमा कंपनी द्वारा भुगतान करना आरम्भ करने से पहले आपको प्रत्येक प्लैन वर्ष कटौती राशि का भुगतान करना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, हम मान लेते हैं कि आपकी कटौती राशि $200 है। आपका आपातकालीन कक्ष में जाने का खर्च $1,250 है। आप कटौती योग्य को कवर करने के लिए पहले $200 का भुगतान करते हैं। आपको कवर की गई सेवाओं के लिए अपने हिस्से का भुगतान करने की भी आवश्यकता है।

**3** चिकित्सा देखभाल जैसे कि डॉक्टर का दौरा, अस्पताल में आउट पेशेंट का दौरा, या प्रेस्क्रिप्शन प्राप्त करने पर आपको सहबीमा या प्रतिभुगतान का भुगतान करना पड़ सकता है। सह-बीमा आमतौर पर कोई प्रतिशत धनराशि (उदाहरण के लिए, कुल लागत का 20%) होती है। सह-भुगतान आमतौर पर नियत धनराशि (उदाहरण के लिए, प्रेस्क्रिप्शन या डॉक्टर से मुलाकात के लिए $10 या $20) होती है।

**4** स्वास्थ्य बीमा अस्पतालों, डॉक्टरों, फार्मेसियों और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के नेटवर्क के साथ अनुबंध की योजना बनाती है। आप द्वारा खरीदी जाने वाली पॉलिसी के प्रकार के आधार पर, आपका प्लान संभावित रूप से केवल तब आपकी देखरेख के लिए भुगतान कर सकता है जब आप प्लैन के नेटवर्क में किसी प्रदाता से इसे प्राप्त करते हैं या आपको बिल के बड़े हिस्से का भुगतान करना पड़ सकता है।

## Health Insurance Marketplace

आपको अपनी जानकारी एक सुलभ प्रारूप में प्राप्त करने का अधिकार है, जैसे बड़े प्रिंट, ब्रेल या ऑडियो। यदि आपको लगता है कि आपके साथ भेदभाव किया गया है तो आपको शिकायत दर्ज करने का भी अधिकार है।

**CMS.gov/about-cms/agency-information/aboutwebsite/CMSNondiscriminationnotice** पर जाएं या 1-800-318-2596 पर कॉल करें। TTY उपयोगकर्ता 1-855-889-4325 पर कॉल कर सकते हैं।

HealthCare.gov

CMS Product No. 11631-HI (Hindi) September 2023

This product was produced at U.S. taxpayer expense.

Health Insurance Marketplace® is a registered service mark of the U.S. Department of Health & Human Services.



# स्वास्थ्य बीमे का महत्व

## स्वास्थ्य बीमा उस समय लागतों का भुगतान करने में सहायता करती है जब आपको देखरेख की ज़रूरत होती है

कोई भी व्यक्ति बीमार या घायल नहीं होना चाहता, लेकिन अधिकाँश लोगों को किसी समय डॉक्टरी देखरेख की ज़रूरत पड़ती है। स्वास्थ्य बीमा इन लागतों के लिए भुगतान करने में सहायता करती है और बहुत अधिक खर्चों से आपकी रक्षा करती है।

## स्वास्थ्य बीमा क्या है?

स्वास्थ्य बीमा आपके और किसी बीमा कंपनी के बीच एक अनुबंध है। आप कोई प्लान में नामांकन करते हैं और जब आप बीमार या घायल हो जाते हैं, तब कंपनी आपकी मेडिकल लागतों के भाग का भुगतान करने पर सहमत होती है।

स्वास्थ्य बीमे के अन्य महत्वपूर्ण लाभ हैं। Health Insurance Marketplace® में उपलब्ध योजनाएं (और अधिकतर अन्य योजनाएं) टीकों और जाँचों जैसी मुफ्त रोकथाम देखभाल प्रदान करती हैं। इनमें प्रेस्क्रिप्शन दवाओं के लिए भी कुछ लागतें सम्मिलित होती हैं।

## स्वास्थ्य बीमा आपको देखरेख के लिए भुगतान करने में सहायता करता है

क्या आपका यह पता था कि अस्पताल में 3 दिन तक भर्ती होने की औसत लागत $30,000 है? या टूटी टाँग का इलाज कराने में $7,500 का खर्च आता है? स्वास्थ्य बीमा का होना इस तरह की उच्च, अप्रत्याशित लागतों से बचाने में आपकी मदद कर सकती है।

प्रत्येक बीमा प्लान में लाभों और कवरेज का सार होता है जो यह दिखाता है कि किस तरह की देखभाल, उपचार और सेवाएँ इसके द्वारा कवर की जाती हैं। इसमें यह जानकारी शामिल है कि जब आप यह सेवाएँ लेंगे तो प्लान कितना भुगतान करेगा।

## आप स्वास्थ्य बीमे के लिए कितना भुगतान करते हैं

आप स्वास्थ्य कवरेज के लिए प्रति माह प्रायः प्रीमियम का भुगतान करते हैं और आपको प्रत्येक वर्ष कटौती राशि का भी भुगतान करना पड़ सकता है। कटौती राशि वह राशि होती है जो आपके स्वास्थ्य बीमे प्लान द्वारा भुगतान करना आरंभ करने से पहले आप द्वारा स्वास्थ्य देखरेख सेवाओं के लिए देय होती है। हो सकता है कि कटौती राशि सभी सेवाओं पर लागू न हो।

## अपने प्रीमियम और कटौती राशि के लिए आप कितना भुगतान करते हैं, यह आपकी बीमा सुरक्षा के प्रकार पर निर्भर करता है।

यह जानना भी महत्वपूर्ण है कि आपको तब सेवाओं के लिए अपनी कितना भुगतान करना होगा जब आप देखरेख प्राप्त करते हैं।

उदाहरणों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- कटौती योग्य (सह-बीमा या प्रति भुगतान) का भुगतान करने के बाद सेवाओं के लिए आपकी ओर से लागत
- बीमार होने या चोट लगने पर आपको कुल कितनी राशि का भुगतान करना होगा (अपनी ओर से अधिकतम)

हो सकता है कि सबसे कम प्रीमियम वाली पॉलिसी में बहुत-सी सेवाएं और उपचार कवर न हों।

यदि आपने हाल ही में स्वास्थ्य कवरेज खो दिया है, तो आप मार्केटप्लेस के माध्यम से कम लागत वाली, गुणवत्ता कवरेज प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं। यह जानने के लिए **HealthCare.gov/get-coverage** पर जाएं कि क्या आप अब कवरेज प्राप्त करने के लिए योग्य हैं।

## मैं और अधिक कैसे जान सकता/सकती हूँ?

मार्केटप्लेस से मिलने वाले कवरेज या आपके लाभों और सुरक्षाओं के बारे में अधिक जानने के लिए **HealthCare.gov** पर जाएं या मार्केटप्लेस कॉल सेंटर को 1-800-318-2596 पर कॉल करें। TTY उपयोगकर्ता 1-855-889-4325 पर कॉल कर सकते हैं।